पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग),

भारत सरकार

****

'हर काम देश के नाम'

नई दिल्ली, कार्तिक 23, 1945
मंगलवार, नवंबर 14, 2023

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह 16 नवंबर, 2023 को जकार्ता, इंडोनेशिया में रक्षा मंत्रियों की 10वीं आसियान बैठक (एडीएमएम-प्लस) में भाग लेंगे

भाग लेने वाले देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें होंगी

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह रक्षा मंत्रियों की 10वीं आसियान बैठक (एडीएमएम-प्लस) में भाग लेने के लिए 16 से 17 नवंबर, 2023 तक इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता की आधिकारिक यात्रा करेंगे। 16 नवंबर को होने वाली बैठक के दौरान रक्षा मंत्री क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों पर मंच को संबोधित करेंगे। एडीएमएमप्लस का अध्यक्ष- होने के नाते इंडोनेशिया इस बैठक की मेजबानी कर रहा है।

एडीएमएम-प्लस के अवसर पर श्री राजनाथ सिंह भाग लेने वाले देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे और पारस्परिक रूप से लाभप्रद संबंधों को और मजबूत करने के लिए रक्षा सहयोग के मामलों पर चर्चा करेंगे।

आसियान में एडीएमएम सर्वोच्च रक्षा सलाहकार और सहकारी तंत्र है। एडीएमएम-प्लस आसियान के सदस्य देशों (ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओ पीडीआर, मलेशिया, म्यानमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, वियतनाम) और इसके आठ संवाद भागीदारों (भारत, अमेरिका, चीन, रूस, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड) के लिए सुरक्षा और रक्षा सहयोग को मजबूत करने का महत्वपूर्ण मंच है।

भारत 1992 में आसियान का संवाद भागीदार बना और 12 अक्तूबर, 2010 को वियतनाम के हनोई में एडीएमएम-प्लस का उद्घाटन हुआ। आसियान और प्लस देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए 2017 से एडीएमएम-प्लस मंत्रियों की सालाना बैठक होती रही है। ।

एडीएमएम-प्लस सात विशेषज्ञ कार्य समूहों (ईडब्ल्यूजी) नामतः समुद्री सुरक्षा, सैन्य चिकित्सा, साइबर सुरक्षा, शांति अभियानों, आतंकवाद का मुकाबला, मानवतावादी माइन एक्शन एवं मानवीय सहायता तथा आपदा राहत (एचएडीआर) के माध्यम से सदस्य देशों के बीच व्यावहारिक सहयोग को आगे बढ़ाता है। 10 वें एडीएमएम-प्लस के दौरान 2024-2027 के लिए सह-अध्यक्षों के अगले सेट की भी घोषणा की जाएगी। 2021-2024 के वर्तमान चक्र में, भारत इंडोनेशिया के साथ एचएडीआर पर ईडब्ल्यूजी की सह-अध्यक्षता कर रहा है।

एबीबी/एसएस